


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

दिल्ली से प्रकाशित

# उन्नत केसरी

उन्नत केसरी से जुड़े :
/unnatkesari
unnatkesari@gmail.com
www.unnatkesari.com
UNNATKESARI SUBSCRIBE

दिनांक 1 से 6 जनवरी | वर्ष: 2022 अंक: 1 | मूल्य : ₹5 | RNI: DELHIN/201465735


महामारी के इस दौर में, **खुशहाली और सुरक्षा** की खातिर बढ़ाइए हाथ,

यह **नव वर्ष** मनाएं अपने परिवार के साथ

**उन्नत केसरी समूह** की ओर से

आप सभी को **नववर्ष** की

हार्दिक शुभकामनाएं

## Happy New Year

# 2022

उन्नत केसरी
Indie XPlore

स्वरोजगार केसरी
NEX FASHIONISTA

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस की बधाई देते हुए अधिकारियों–कर्मचारियों को किया पुरस्कृत





**सोनीपत, 25 दिसंबर।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उनके स्वप्नों को साकार रूप प्रदान कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल। केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर सुशासन की स्थापना में जुटी हुई है, जिसमें उल्लेखनीय सफलता मिली है।

जिला प्रशासन के तत्वावधान में लघु सि. चवालय में सुशासन दिवस का सफल आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया। इस दौरान पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी 22 जिलों में किया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। मुख्यमंत्री ने सुशासन दिवस की बधाई देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को वंदन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन महापुरुषों की सोच को सुशासन का नाम दिया है। शासन भोगने की नहीं अपितु सेवा का माध्यम है। इस सोच के साथ ही प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से आगे बढ़ रही है। इस दौरान उन्होंने आर्म लाईसेंस के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि रोहतक व पंचकूला में पायलट प्रोजैक्ट के रूप में यह शुरुआत की जाएगी। उन्होंने गुरूग्राम में अटल स्मृति पार्क का निर्माण करवाने व परिवार पहचान पत्र की आईडी पर राशन डिपुओं पर राशन वितरीत करने की शुरुआत की भी घोषणा की।

इसके पहले जिला स्तर पर आयोजित सुशासन दिवस समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार पं. मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाये मार्ग पर चल रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी न कभी रूके न कभी झुके न कभी समझौता किया, क्योंकि वे सिद्धांतों की रा. जनीति करते थे। उन्होंने हिंदुस्तान की ताकत दुनिया को दिखाई। आज उनकी जयंती प्रद. ेशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक–हरियाणवी एक का नारा देते हुए नौ. करियों में पर्ची–खर्ची पर रास्ते बंद किए हैं, जिससे योग्यता के आधार पर लोगों को नौ. करी मिली है। जनहित के लिए प्रदेश में हर प्रकार की बेहतरीन नीतियां लागू की गई है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने केलिए बेहतरीन प्रयास किये जा रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए कौशल विकास को बढ़ावा दिया गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि सुशासन के लिए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई गई है। सुशासन की स्थापना में सोनीपत के अधिकारियों ने चांद लगाने का काम किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। हर प्रकार की चुनौतियां का डटकर मुकाबला करते हुए सफलता हासिल की है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें मिलकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करना है ताकि महापुरुषों के सपनों के भारत का निर्माण हो। इस दौरान सांसद रमेश कौ. शिक ने स्वतंत्रता सेनानी पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मोत्सव मना रहे हैं। हमें उनके विचारों को खुद पर लागू करना चाहिए, क्योंकि उनसे हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना काल में भी बेहतरीन कार्य करके एक मिसाल पेश की है। गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने सुशासन दिवस रूपी पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सरकार ने जनकल्याण के लिए बेहतरीन योजनाएं लागू की हैं। जिला के अधिकारियों ने भी अपनी हर जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाते हुए जनहित को आगे बढ़ाया है। इस मौके पर उपायुक्त ललित सिवाच ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सुशासन की दिशा में बढ़ाये प्रभावी कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में पानी निकासी के लिए बेहतरीन कार्य करने पर सोनीपत की टीम को भी पुरस्कृत किया गया है। स्वामित्व

**योजना के प्रोपर्टी कार्ड किये वितरीतरू**

सुशासन दिवस समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रोपर्टी कार्ड वितरीत करते हुए बधाई दी। लाभार्थियों में असदपुर व हसनपुर और पलड़ा के 17 पात्रों को प्रोपर्टी कार्ड प्रदान किये गये। इनमें असदपुर के भानेराम, तरूण शर्मा, छतर सिंह तथा हसनपुर के संजय सिंह, संजय, उकेश कुमार, जयप्रकाश, पालेराम, नरेंद्र व रविंद्र और पलड़ा के अंशु धामा, राज सिंह, प्रिंस, परीक्षित, सुनील कौशिक, मेहताब सिंह व बलराज वर्मा शामिल रहे।

इस मौके पर सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी व उपायुक्त ललित सिवाच सहित सांसद के भाई देवेंद्र कौशिक, राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली के भाई माईराम कौशिक, जसबीर दोदवा, अतिरिक्त उपायुक्त अशोक कुमार बंसल, एसडीएम शशि वसुंधरा, नगराधीश डा. अनमोल, शुगर मिल्ज सोनीपत के एमडी जितेंद्र जोशी, आरटीए मानव मलिक, डीएसपी विरेंद्र सिंह, बीडीपीओ मनीष मलिक आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## आदेश द्वारा सडक हादसे में मारे गये युवकों को परिजनों को सौंपे सहायता राशि के चैक

*हरियाणा– वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।*

आदेश अस्पताल की ओर से दी गई पांचों युवकों को सहायता राशि।

**शाहाबाद** पांच नवंबर को दीपावली की रात नलवी–शाहाबाद सडक हादसे में मारे गये युवकों के परिजनों को आदेश अस्पताल की ओर से तीन युवकों को दो–दो लाख और दो युवकों को तीन–तीन लाख की सहायता राशि के चैक सौंपे गये। यह चैक सीएम सचिव कृष्ण बेदी और आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एच. एस. गिल ने सोमपार को परिजनों को सौंपे।

उल्लेखनीय है कि इस हादसे में पांच युवकों बृजपाल व अंकित निवासी बसंतपुर, विशाल निवासी नलवी, गोल्डी निवासी जैनपुर और गुरमीत निवासी बोरीपुर की मौत हो गई थी। जिनमें से गोल्डी व गुरमीत आदेश अस्पताल में ही कार्यरत थे। जिस पर सीएम सचिव कृ ष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर इन गरीब परिवारों को आर्थिक मदद देने की सिफारिश की थी क्योंकि इन परिवारों के जवान बच्चे दुनिया से चले गये थे। जिस पर आदेश अस्पताल की ओर से तीन युवकों को दो–दो लाख और आदेश में कार्यरत गोल्डी व गुरमीत के परिजनों को एक वर्ष के वेतन के साथ तीन–तीन लाख रूपए की सहायता राशि के चैक दिये गये। सीएम सचिव कृष्ण बेदी ने कहा कि यह बेहद दुरूखद घटना थी। उन्होंने कहा कि जो चले गये उनकी भरपाई नहीं की जा सकती लेकिन इन परिवारों के दुरूख को बंटाने के उद्देश्य से यह राशि प्रदान की गई है। उन्होंने सीएम मनोहर लाल व आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य बी.एल. भारद्वाज, डा. गुणतास गिल, प्रबंधक हरिओम गुप्ता, मुलख राज गुंबर, एडवोकेट गौरव बेदी, सरबजीत कलसानी, हरीश मुंजाल, रमेश कुमार सरपंच, अमरजीत चमक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## फौगाट के गीतों पर देर रात तक झूमते रहे हजारों खिलाड़ी

- राष्ट्रीय फैंसिंग में गजेंद्र फौगाट ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश
- भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने फौगाट को दिया अवार्ड
- फौगाट को बनाया पंचकूला फैंसिंग का अध्यक्ष



सोनीपत, 28 दिसम्बर। "ना मेरा है ना तेरा है यह हिंदुस्तान सबका है – नहीं समझी गई यह बात तो नुकसान सबका हौसली।"

इस पंक्ति से गजेंद्र फोगाट ने जब अपना कार्यक्रम शुरू किया और ष्ये देश है वीर जवानो काष, वंदे मातरम, याद करो कुबा. ेनी, करणी सै तो रीस करो भगत सिंह सरदार कीष गाया तो देश के कोने–कोने से राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में भाग लेने आए लगभग सभी राज्यों के खिलाड़ी झूमने पर विवश हो गए । फौगाट ने इस पर उनसे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगावाये।

मौका था 29 वीं राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियो. गिता में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का जिसमें कला एवं सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता,अंतरराष्ट्रीय फेंसिंग रैफरी आयोजक अशोक खत्री,अश्वनी खत्री,नरेंद्र हूडा,जितेंद्र दहिया,अजय छिकारा समेत अनेको गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए राजीव मेहता ने कहा कि गजेंद्र फोगाट भारतीय संस्कार व संस्कृति के गायक हैं। उन्हें फेंसिंग के इस कार्यक्रम में सुनकर ऐसा लगता है मानो खिलाड़ियों में नया जोश भरने के लिए एक नई दवा ईजाद हुई है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि गजेंद्र फोगाट स्वयं राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी होते हुए अच्छे गायक होने की अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। ये सब खिलाड़ियों के लिए एक हर्ष की बात है कि एक खिलाड़ी भी गायक है। उन्होंने इस अवसर पर गजेंद्र फोगाट को भारतीय फेंसिंग के लिए एक गीत बनाने का भी न्योता दिया जिसे फौगाट ने सहर्ष स्व. ीकार किया।

कार्यक्रम में फौगाट ने सभी प्रदेशों की भाषा मे स्वागत करते हुए पंजाबी, रा. जस्थानी, गुजराती, भोजपुरी, हरियाणवी आदि भाषाओं में गाने गाकर खिलाड़ियों का मनोरंजन किया। खिलाड़ियों की डिमांड पर फौगाट ने उन्हें बॉलीवुड के गीत भी सुनाए।

**फौगाट को बनाया पंचकूला का अध्यक्ष**

इस मौके पे फैंसिंग के प्रदेशाध्यक्ष एन के सोलंकी ने गजेन्द्र को पंचकूला फैंसिंग का जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

## हॉकी अकादमी में हॉकी खिलाड़ी (लडके) के चयन हेतू 11 जनवरी लिये जायेगें ट्रायल –उपायुक्त



**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने जानकारी दी कि निदेशक, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा पंचकूला के द्वारा जिला सोनीपत में हॉकी खेल की रिहायशी अकादमी खोलने के आदेश दिये गये है। उन्होंने बताया कि इस हॉकी अकादमी में हॉकी खिलाड़ी (लडके) के चयन हेतू 11 जनवरी 2022 मंगलवार को प्रातरू 10 बजे हॉकी एस्टोट्रफ सेक्टर–04 सोनीपत में ट्रायल लिये जायेगें।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी शर्मिला ने कहा कि सभी इच्छुक हॉकी खिलाड़ी (लडके) ट्रायल देने हेतू निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचना सु. निश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिये जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम कार्यालय, सोनीपत (सुभाष स्टेडियम) में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## समाज सेवा के क्षेत्र में यूथ रेडक्रास की हमेशा ही महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. सोमनाथ सचदेवा





*हरियाणा– वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक*
*छाया – उमेश गर्ग*

- **रेड क्रॉस संस्था समाज सेवा के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता को समर्पितः डीआर शर्मा**
- **कुवि में यूथ रेड क्रास कांउसलर्स के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित**

**कुरुक्षेत्र, 27 दिसम्बर**– कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में रे. डक्रास की हमेशा ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रेडक्रास के साथ जुडकर विद्यार्थी समाज सेवा कर सकते हैं। वे सा. ेमवार को आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत् कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यूथ रेड क्रास द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बन्धित कॉलेजोंध्संस्थानों के यूथ रेड क्रास कांउसलर्स के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। कुलपति ने यूथ रे. डक्रास संस्था का विकास किस तरह हुआ पर भी प्रकाश डाला। इससे पहले कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, इंडियन रेड क्रास सोसाईटी हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी डीआर शर्मा, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, श्याम सुंदर, प्रो. अनिल वशिष्ठ व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सच. देवा ने कहा कि युवा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। हमारे युवा जागरूक, गंभीर व अपनी सामाजिक जिम्मेवारियों को लेकर संवेदनशील इस वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान पूरे विश्व में रे. डक्रास की अहम् भूमिका रही है।आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में रेडक्रास स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण काम किया है। ज्ञान, कौशल और व्यवहार शिक्षा के तीन अहम पहलू होते हैं। ज्ञान और कौशल से ज्यादा व्यक्ति का आचरण, व्यवहार ज्यादा अहम् होता है और यह व्यवहार हमें यूथ रेड क्रॉस से आता है। किसी भी परिस्थिति में टीम के रूप में काम करना हमें यूथ रेडक्रास से आता है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 को हरियाणा में 2025 तक लागू करना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। भारत विश्व का पहला ऐसा देश होगा जो शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा कर रोजगार की नई संभावनाओं के अवसर पैदा करेगा।

इंडियन रेड क्रास सोसाईटी हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी डीआर शर्मा ने कहा है कि रेडक्रॉस एक ऐसा संस्था है जो पिछले कई दशकों से समाज सेवा के साथ–साथ देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिए काम कर रही है। कोरोना काल में 10 हजार यूथ रेडक्रास से जुड़े युवाओं ने मानवता का कार्य किया और दूसरों को भी प्रेरित किया। इस संस्था की दुनियाभर में शाखाएं हैं जिनके माध्यम से लाखां लोगों को अनवरत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक कार्य को करने के लिए एक लीडर की जरुरत होती है। यूथ रेडक्रास के कांउसलर एक युवा स्वयं सेवकों की टीम का नेतृत्व कर इसकी सफलता में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए यूथ रेडक्रास के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें आवश्यक है, ताकि वे युवा पीढ़ी को अपने साथ जोड सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा रक्तदान में प्रथम पायदान पर है। इसके लिए राष्ट्रपति व केन्द्र सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश की प्रशंसा की गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम काउंसलरों में नवीन उर्जा का संचार करेगा। उन्होंने ओमीक्रान के बारे में कहा कि भ्रांति न फैलाये, हमें इसका डटकर मुकाबला कर करना है। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी नारनौद के सचिव श्याम सुंदर ने कहा कि हम सभी इस जीवन में डेपुटेशन पर है। जीवन हमारा अधिकार नहीं है तथा हमें मृत्यु की चिन्ता भी नहीं करनी चाहिए। इसलिए हमें सर्वश्रेष्ठ समय मानव जीवन के कल्याण कार्य में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमें ज्यादा से ज्यादा युवा को यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने वृद्धाश्रम के बारे में चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पढ़े–लिखे बच्चों के माता–पिता आज वृद्धाश्रम में शरण लिए हुए है। इसलिए ज्ञान के साथ–साथ मूल्यों की शिक्षा भी जरूरी है क्योंकि सांस्कृतिक मूल्य ही हमारी वास्तविक विरासत है। उन्होंने युवाओं को समाज कार्य में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने व जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया तथा उन्हें रक्तदाता व सेवादाता बनने पर भी जोर दिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रेड क्रॉस सोसायटी के कोआर्डिनेटर व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल वशिष्ट ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों को परिचय करवाते हुए यूथ रेड क्रॉस के मुख्य उद्देश्य मानवता के माध्यम से शांति एवं सद्भाव की स्थापना करना हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि हरियाणा राज्य का पहला कार्यक्रम है। उन्होंने विभिन्न कालेजों से आए कांउसलर से आह्वान किया कि वे यूथ रेडक्रास से ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवाओं को जोडकर समाज सेवा के क्षेत्र में इसकी भूमिका को बढ़ाए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 135 कॉलेजों व संस्थानों से आए हुए काउंसलर हिस्सा ले रहे हैं।

स्टेट कोऑर्डिनेटर रोहित शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के ऑफिस के अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने रेड क्रॉस से सम्बन्धित लेखाजोखा व ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल प्रतिभागियों के प्रश्न के उत्तर भी दिए।

सीनियर लेक्चरर रोहिणी ने सीपीआर के बारे में प्रतिभागियों को बहुत ही सूक्ष्म जानकारी दी और बताया कि कैसे आपातकाल में किसी रोगी को फर्स्ट एड दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि समय पर प्राथमिक उपचार देने से किसी रोगी की जान को बचाया जा सकता है।

कैप्टन डॉ. सुरेश कुमार ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया तथा समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के बारे में महत्वपूर्ण कदम उठाने के बारे में बताया

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने समाज में नशा मुक्ति का व्यापक प्रचार करने का सुझाव दिया और युवा को नशे से दूर रहने का सुझाव दिया जिससे वह समाज की उन्नति में सहायक हो सके। सूबेदार रविंद्र कौशिक ने रोड सेफ्टी के बारे में काउंसलर्स को बताया तथा रोड दुर्घटना को रोकने के लिए महत्वपूर्ण उपायों को बताया। डॉ. रमा, इंचार्ज ब्लड बैंक, एलएनजेपी हॉस्पिटल ,कुरुक्षेत्र ने प्रतिभागियों को ब्लड डा. ेनेशन के महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. रमेश कुमार ने सभी का धन्यवाद दिया और सभी प्रोग्राम काउंसलर्स को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कोर्स में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। मंच का संचालन कुवि के फील्ड कोऑर्डिनेटर राज. ेन्द्र सैनी ने किया। इस मौके पर कुवि कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. रमेश, डॉ. विजय सहित विभिन्न कॉलेजों व संस्थानों के काउंसलर, स्वयंसेवक, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



# हर महीने रिचार्ज से छुटकारा दिला सकते हैं ये एयरटेल के धमाका प्रीपेड रिचार्ज, जिओ–वि को भी दे रहे मात

ऐसे समय में जब प्रीपेड टेलीकॉम टैरिफ बड़े पैमाने पर बढ़ते ही जा रहे हैं। एयरटेल ने 666 रुपये में एक प्रीपेड प्लान लॉन्च किया है। एयरटेल का ये हाल ही में लॉन्च किया गया 666 रुपये का प्रीपेड प्लान 77 दिनों की वैलिडिटी प्रदान करता है। यह प्लान उन लोगों के लिए सबसे अच्छी चॉइस हो सकता है, जिन्हें हर महीने रिचार्ज) से छुटकारा चाहिए। आमतौर पर किसी भी अच्छे प्लान में मिलने वाली 56 दिनों की वैलिडिटी से अलग होने के कारण यह प्लान अपने आप में खास बन जाता है। इस रिच. र्ाज प्रीपेड प्लान में आपको डेली डेटा के अलावा अनलिमिटेड कॉलिंग लाभ भी मिल रहा है। हालांकि कंपनी के पास एक अन्य प्लान भी है, जो 699 रुपये की कीमत में आता है, अगर हम पिछले और इस प्लान की चर्चा करें तो दोनों में कीमत का मात्र



33 रुपये का ही अंतर है। इसके अलावा 699 रुपये की कीमत में आने वाले रिचार्ज प्लान में आपको Amazon Prime Subscription मिल रहा है, हालांकि इतना ही नहीं इस प्लान में आपको कई खास सुविधाएँ भी मिलती हैं। आइए जानते है कि आखिर इन दोनों ही रिचार्ज प्रीपेड प्लांस में आपको आपको |पतजमस की ओर से क्या क्या मिल रहा है, इसके अलावा आप यह भी जान सकते हैं कि दोनों ही रिचार्ज प्लांस में से कौन सा आपके लिए बेस्ट रहने वाला है। Airtel के 666 रुपये के प्रीपेड प्लान में 77 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। हालांकि यह प्लान आपको डेली 1.5GB डेटा का भी एक्सेस प्रदान करता है, इस एयरटेल रिचार्ज प्लान में अन. लिमिटेड कॉल और 100 SMS भी डेली ऑफर किए जाते हैं। यह इस प्लान में मिलने वाले वो लाभ जो आपको इस कीमत में रुचिकर लग सकते हैं, हालांकि अगर आप इस प्लान के साथ मिलने वाले अन्य ऑफर्स को भी देख लेते हैं तो आप इस रिचार्ज प्लान के फैन हो सकते हैं। इस प्लान के अतिरिक्त लाभों की चर्चा करें तो आपको इस प्लान के साथ Amazon Prime Mobile Edition का Subscription मिल रहा है, इतना ही नहीं आपको Apollo 24 | 7 circles तक भी पहुंच मिलती है। शॉ एकेडमी के साथ मुफ्त ऑनलाइन कोर्स, फास्टैग पर 100 रुपये कैशबैक, मुफ्त हैलो ट्यून्स और विंक म्यूजिक आदि भी इस प्लान के साथ ही आपको मिल रहे हैं।

# कमला नगर मार्केट में कोरोना नियमों के उल्लंघन पर चला प्रशासन का डंडा, पांच दुकानें सील



कमला नगर मार्केट में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के आदेश के उल्लंघन पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार. 'वाई की है। जहां आड–ईवन के नियमानुसार दुकानें खोली जानी थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई जबकि 15 पर चालान की कार्रवाई की गई। सभी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। प्रशासन ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर फिर उल्लंघन मिला तो और भारी जुर्माना लगाया जाएगा। दरअसल, डीडीएमए के तहत येलो अलर्ट लागू हो गया। इसके अनुसार बा. जारों में आड–ईवन के नियम के आधार पर दुकानें खोली जानी है। रेस्तरां भी 50 प्रतिशत की क्षमता से चलाना है। लोग दुकान के अंदर मास्क पहने और शारीरिक दूरी के नियम का पालन हो यह भी सुनिश्चित किया जाना है। नियमों के पालन को लेकर सिविल लाईस के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) राजीव रंजन ने मार्केट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मेक–डी समेत पांच दुकानें ऐसी थी जहां पर नियमों का उल्लंघन हो रहा था। इसको देखते हुए इसे सील कर दिया गया है। साथ ही सभी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 15 ऐसे दुकानदारों का भी 50 हजार का चालान भी किया गया है जिन्होंने अपनी दुक. ानें बाहर लगा रखी थी। जहां पर भीड़ भी लगी थी। इसके अतिरिक्त पटरी लगाने वालों पर भी नियमों के उल्लंघन को लेकर कार. 'वाई की गई। राजीव रंजन ने बताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र में 100 से अधिक चालान किए गए हैं। लोगों से अनुरोध है कि डीडीएमए के तहत बनाए गए दिशा–निर्देशों का पालन करें।

**मार्केट एसोसिएशन की दुकानदारों से अपील**

प्रशासन की कार्रवाई के साथ ही मार्केट एसोसिएशन ने जागरुकता का अभियान भी चालया है। प्रशासन ने सभी दुकानदारों को वाट्सएप के माध्यम से भी संदेश भेजा है। साथ ही दुकानदारों से कहा गया है कि वह सम–विषम के नियम के अनुसार ही दुकान खोले। मार्केट के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बताया कि एसोसिएशन लगातार लोगों से अनुरोध कर रहा है नियमों का पालन हो। हालांकि यहां पर लगने वाली अवैध रेहड़ी पटरी से अक्सर हालात ज्यादा खराब हो जाते हैं।

## दस दिन बाद दिल्ली में फिर लौटी शीतलहर, बढ़ी ठिठुरन, इस दिन से मिल सकती है राहत

दिल्ली के सफदरजंग में गुरुवार की सुबह न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार की सुबह कोहरे भरी। इसके चलते दृश्यता का स्तर भी प्रभावित हुआ है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में सुबह के समय दृश्यता का स्तर गिरकर 200 मीटर तक रह गया। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा साफ हो गया और खिली हुई धूप निकल आई। सफदरजंग मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो कि सामान्य से चार डिग्री कम है। जबकि, अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से एक डिग्री कम है। इससे पहले 20 दिसंबर की सुबह न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो कि सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान रहा था।

**अभी रहेगी शीतलहर की स्थिति**

मौसम विभाग का अनुमान है कि उच्च हिमालयी



क्षेत्रों से आने वाली हवा के चलते राजधानी दिल्ली में अभी दो दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। शुक्रवार के दिन भी न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस गिर सकता है। जबकि, सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिलेगा।

**दस इलाकों की हवा बेहद खराब**

दिल्ली के दस इलाकों की हवा गुरुवार के दिन बेहद खराब श्रेणी में रही। इन जगहों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के अंक के पार रहा। हालांकि, समग्र तौर पर दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में रही। दिल्ली के लोगों को इस बार नवंबर और दिसंबर के महीने में पहले से ज्यादा प्रदूषित हवा में सांस लेनी पड़ी है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गुरुवार के दिन दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 286 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। बुधवार के दिन सूचकांक 262 के अंक पर रही। यानी चौबीस घंटे के भीतर ही इसमें 24 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, दिल्ली के दस इलाके ऐसे रहे हैं जहां का सूचकांक 300 के अंक से ऊपर यानी यहां की हवा बेहद खराब श्रेणी में रही। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच वायु गणवत्ता सूचकांक खराब या बेहद खराब श्रेणी में रहने की संभावना है।

# मैत्रीपूर्ण मंगल भावना



*आचार्य विवेक मुनि जी महाराज*
*फाउंडर प्रेजिडेंट*
*आचार्य सुशिल मुनि मिशन*

नववर्ष का नव उत्साह, नव चिंतन, नव जागृति से अभिनंदन करें। अतीत की सफलता, असफलता से सीखें, भविष्य के प्रति आशावान रहकर वर्तमान में चिंता, प्रमाद से मुक्त हो, सात्विक विचारों से युक्त प्रतिपल प्रतिक्षण सम्यक पुरुषार्थ करें यही नववर्ष का संदेश है"।

जीवन अमूल्य है, कोरोना महामारी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, योग प्राणायाम से जुड़े, सकारात्मक विचारों से आत्मबल में वृद्धि करें। परिवार, समाज, राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सतत लोकमंगल, लोक कल्याण के कार्यों में लीन रहें तभी भविष्य सुंदर, सुखद, आनंददाई कल्याणकारी होगा।

## *नव वर्ष 2022 की हार्दिक मंगल कामनाएं।*

# दिल्ली में मिनी लॉक डाउन



ब्यूरो रिपोर्ट उन्नत केसरी। कोविड के बढ़ते मामलों और ओमीक्रॉन की रफ्तार के चलते देश की राजधानी दिल्ली में येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानिए क्या है मिनी लॉक डाउन। दिल्ली सरकार की चार चरणों वाली ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ळत।च) के तहत, येलो अलर्ट कई अतिरिक्त प्रतिबंधों को बढ़ावा देगा। ळत।च को जुलाई में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कोविड की तीसरी लहर की आशंका में सुझाया किया गया था, और इसका उद्देश्य स्थिति के आधार पर प्रतिबंध लगाना और हटाना है।

अधिकांश गतिविधियाँ जो चरणबद्ध तरीके से फिर से शुरू की गईं क्योंकि दूसरी लहर थम गई, अगर अलर्ट जारी किया गया तो यह एक्शन प्लान पुनः एक्टिव किया जाएगा। गैर–जरूरी सामान और सेवाएं बेचने वाली दुकानों और मॉल के संचालन के समय पर रोक रहेगी। ऑड–ईवन नियम के तहत उन्हें सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। येलो अलर्ट के तहत शहर में तमेजंनतंदज को सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक 50 प्रतिशत क्षमता पर संचालित करने की अनुमति होगी, जबकि बार को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक 50 प्रतिशत क्षमता पर खुले रहने की अनुमति होगी। सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स जो वर्तमान में दर्शकों के लिए खुले हैं, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। हालांकि, होटलों को खुले रहने की अनुमति होगी। स्पा, जिम, योग संस्थान और मनोरंजन पार्क बंद रहेंगे। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्टेडियम और स्विमिंग पूल बंद रहेंगे। लेकिन इन जगहों पर राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों पर कोई पाबंदी नहीं होगी। सार्वजनिक पार्क खुले रहेंगे।

येलो अलर्ट उन सैलून और ब्यूटी पार्लरों पर कोई रोक नहीं लगाएगा, जिन्हें शहर में संचालित करने की अनुमति होगी।

दिल्ली मेट्रो 50 प्रतिशत बैठने की क्षमता पर चलेगी और किसी भी यात्री को अंदर खड़े होने की अनुमति नहीं होगी। अंतरराज्यीय बसें 50 प्रतिशत बैठने पर चलेंगी और ऑटो, ई–रिक्शा, टैक्सी और साइकिल रिक्शा में केवल दो यात्रियों को अनुमति दी जाएगी। शादियों और अंतिम संस्कार में केवल 20 लोगों को अनुमति दी जाएगी और सामाजिक, राजनी. तिक, धार्मिक, त्योहार और मनो. रंजन संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। धार्मिक स्थल खुले रहेंगे लेकिन भक्तों के प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

येलो अलर्ट के दौरान स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान और कोचिंग संस्थान भी बंद रहेंगे। निजी कार्यालयों को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 50 प्रतिशत क्षमता से संचालित करने की अनुमति होगी। शनिवार को, दिल्ली के दैनिक केसलोएड में 38 प्रतिशत स्पाइक देखा गया था। ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे के बीच राजधानी में दैनिक मामलों में धीरे–धीरे वृद्धि देखी जा रही है, जिसने विश्व स्तर पर अलार्म बजा दिया है।

## दिल्ली में ओमीक्रॉन के बढ़ते खतरे के बीच सोशल डिस्टन्सिंग की उडी धज्जियाँ





दिल्ली के मंगोलपुरी में एक बैंक की शाखा में भीड़ की तसवीरें सामने आई हैं, तस्वीरों में साफ दिखाई पड़ता है की एक ही काउंटर पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ जमा है। दरअसल मंगोल. पुरी में एसबीआई बैंक की एक शाखा में बैंक सम्बंधित कार्य करवाने के लिए पर्याप्त काउंटर नहीं खोले गए। लिहाजा एक कार्य दिवस पर लोगों की लम्बी लाइने लगना जाहिर है। परन्तु कोविड–19 के बढ़ते मामलों और ओमीक्रॉन के मंडराते खतरे के बीच यह गैर जिम्मेदाराना बर्ताव खतरे का सबक बन सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह बैंक शाखा सर्वथा ही भीड़ से भरी रहती है, जिसका कारण है केवल एक ही काउंटर का खुलना। लिहाजा लोकैलिटी में एक ही ब्रांच होने के कारण यहां सदैव लम्बी लाइन लगाकर कार्य करवाना लोगों की मजबूरी है। स्थानीय लोगों में भीड़ और कार्य में देरी और असुविधा का भी रोष है।




Customized Luxury Elevator
Ark Lft™ ISO 9001-2015 CERTIFIED
a Venture of Jain Bandhu Group — Earning ur Trust Since 1980 —
011 4552 4444
+91 9310468594
8860405296

उन्नत केसरी

# स्वर्गीय श्री भारत प्रेम नाथ की स्मृति में



स्व० श्री भारत प्रेम नाथ
1958 – 2021

उन्नत भारत संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व० श्री भारत प्रेम देश भर में उनके द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए एक जानी मानी हस्ती रहे हैं।

देशभर में उनकी एक विशिष्ट पहचान थी वह राज्यपाल के ओएसडी से लेकर पत्रकार समाजसेवी एवं अन्य किसान संगठनों से जुड़े रहे इस क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय कार्य को हमेशा याद किया जाता रहेगा। आपको बता दें कि वे 5 साल तक हरियाणा के राज्यपाल रहे धनिक लाल मंडल के ओएसडी भी रहे इसके अलावा वह राष्ट्रीय किसान संगठन के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे यही नहीं उन्नत भारत सेवा श्री संगठन, माता मन-तारी देवी चौरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उन्नत डेरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म मठ के फाउंडर भी रहे समाज सेवा में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा पर्यावरण संरक्षण के लिए हर वर्ष 2.5 लाख पौधारोपण का मिशन, गरीबों के लिए राशन वितरण, कोविड काल में 500 विधवाओं के परिवारों को मासिक राशन वितरण, कोरोना वॉरियरों को सम्मानित करने और समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिए भी उन्हें जाना जाता है।उनके कई लेख आज के युवाओं को देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देते हैं।

## इसके अतिरिक्त स्व श्री भारत प्रेम ने कृषि सम्बंधित स्वरोजगार में कई कदम उठाए जिनमे से एक उन्नत डेयरी एवं बागवानी स्वरोजगार मिशन भी है।

जिसके कारण देश का ग्रामीण अंचल नए रोजगारों की संभावनाओं से सुसर्जित हो रहा है। आने वाले वर्षों में किसान और ग्रामीण की आय लगभग तीनगुनी हो जाएगी। जिससे ग्रामीण अंचल स्वरोजगार के माध्यम से साधन संपन्न हो रहा नया भारत होगा। प्रधान मंत्री के सपने को साकार करने में उन्नत भारत संगठन ट्रस्ट के किसान संगठन द्वारा कई राज्यों का दौरा, एवं किसान और ग्रामीण की पृष्ठभूमि को एकत्रित करके नवीनतम तकनीक तथा कृषि से सम्बंधित सहयोगी कार्यक्रम जैसे बागवानी, पशुधन, एवं डेयरी के संसाधनों से आने वाले समय में किसान को नए रोजगार तो देगा ही, साथ ही उसकी आय का स्त्रोत भी बढ़ाएगा।



2020 पाथरी में पौधरोपण करते

## उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड

स्व० श्री भारत प्रेम जी ने समाज सुधार और जनउत्थान हेतु जिस उन्नत भारत संगठन की नींव 25 साल पहले रखी थी उस संगठन के विसातर में उठाए गए अहम् कदमों में से सबसे महत्वपूर्ण कदम रहा उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड। इस अवार्ड के जरिये उन्होंने देश विदेश में समाज उत्थान व् जन कल्याण हेतु निस्वार्थ सेवा करने वाली हस्तियों को सम्मानित करना आरम्भ किया। उनके अथक प्रयासों का ही नतीजा है की आज उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड देश भर में जाना माना प्रतिष्ठित अवार्ड है।



*मोहाली नर्सिंग कॉलेज में पद्मश्री विजय चोपड़ा के साथ स्व० श्री भारत प्रेम नाथ*



*2017 तत्कालीन इजराइली एम्बेसडर और हाई कमिश्नर का उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड समारोह में स्वागत करते स्व० श्री भारत प्रेम*



*2020 मोहाली नर्सिंग कॉलेज में पंजाब के किसानों में बागवानी पौध वितरित करते स्व० श्री भारत प्रेम एवं MLA गुरप्रीत सिंह जीपी की धर्म पत्नी गुप्रीत कौर*



*2017. तत्कालीन हरयाणा विधानसभा स्पीकर श्री कंवर पाल को उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड के लिए आमंत्रित करते*



*2019. 21वें उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड समारोह में ग्रीन आइकॉन स्कूल के बच्चों के साथ*




*2019. 21वें उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड समारोह में पद्मश्री विजय चोपड़ा के साथ सहपरिवार*



*2019. बीबीएमबी पावर स्टेशन पंजाबी बाघ दिल्ली में पौधरोपण करते*

## 4 मृत, अमेरिकी गोलीबारी में एक सिपाही सहित 3 घायल: पुलिस



**वाशिंगटन:** अमेरिकी पुलिस ने कहा कि एक अकेले बंदूकधारी ने चार लोगों की हत्या कर दी और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन अन्य को घायल कर दिया – मारे जाने से पहले कोलोराडो में कई स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद, अमे. रिकी पुलिस ने कहा।
पुलिस ने देर रात प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि घटनाएं शाम करीब पांच बजे शुरू हुईं और डेनवर और ले. कवुड शहरों में कम से कम चार अलग–अलग स्थानों पर फैलीं।
पुलिस ने कहा कि डेनवर में पहले स्थान पर दो वयस्क महिलाओं की मौत हो गई और एक वयस्क पुरुष घायल हो गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

बंदूकधारी फिर पड़ोसी लेकवुड गया जहां उसने एक अन्य व्यक्ति को घातक रूप से गोली मार दी और एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। पिछले हमलों से एकत्र की गई जानकारी के आधार पर, संम. ूववक अधिकारी शूटर की पहचान करने में सक्षम थे क्योंकि वह फिर से स्थान ले गया था।
लेकवुड पुलिस के प्रवक्ता जॉन रा. `मेरो ने कहा, षफिर हमारे एजेंटों के साथ फिर से आग का आदान–प्रदान किया गया, इस मामले में शूटर को मार गिराया गया। झगड़े के दौरान एक लेकवुड अधिकारी को गोली मार दी गई और वह घायल हो गया। रोमेरो ने कहा, षवह एजेंट अभी अस्पताल में सर्जरी के दौर से गुजर रहा है।श. ूटर की मंशा अज्ञात है, और घटनाओं की जांच जारी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बंदूक हिंसा एक बड़ी समस्या है और आग्नेयास्त्र नियंत्रण अधिवक्ताओं का कहना है कि यह मुद्दा वस्तु की व्यापकता और अपेक्षाकृत ढीले बंदूक कानूनों से प्रेरित है।

## फ्रांस में पहली बार प्रतिदिन 100,000 से अधिक कोविड मामले, अस्पताल में भर्ती होने की दर दोगुनी हुई

महामारी में फ्रांस ने पहली बार एक ही दिन में 100,000 से अधिक वायरस संक्रमण दर्ज किए हैं और ब्टप्क–19 अस्पताल में भर्ती पिछले एक महीने में दोगुने हो गए हैं, क्योंकि तेजी से फैलने वाले ओमा. इक्रोन संस्करण ने एक नए लॉकडाउन को रोकने के लिए फ्रांसीसी सरकार के प्रयासों को जटिल बना दिया है।
क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार, पेरिस क्षेत्र में 100 में से 1 से अधिक लोगों ने पिछले एक सप्ताह में सकारात्मक परीक्षण किया है।
अधिकांश नए संक्रमण ओमाइक्रोन संस्करण से जुड़े हुए हैं, जिसके बारे में सरकारी विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में फ्रांस में इसका दबदबा होगा।
ओमाइक्रोन पहले से ही पूरे चौनल में ब्रिटेन में प्रभावी है।
इस बीच, हाल के महीनों में डेल्टा प्रकार के संक्रमणों में वृद्धि ने फ्रांस में अस्पताल में दाखिले को बढ़ा दिया है और क्रिसमस की छुट्टियों में आईसीयू को फिर से तनाव में डाल दिया है। फ्रांस में पिछले एक सप्ताह में वायरस से 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जिससे देश में कुल मृत्यु का आंकड़ा 122,000 से अधिक हो गया।
राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सरकार वायरस से निपटने के अगले कदमों पर चर्चा के लिए सोमवार को आपात बैठकें कर रही है। कुछ वै. ज्ञानिकों और शिक्षकों ने स्कूल में छुट्टी के बाद वापसी में देरी करने का आग्रह किया है या फिर से कर्फ्यू लगाने का सुझाव दिया है। लेकिन फ्रांस के शिक्षा मंत्री का कहना है कि स्कूल हमेशा की तरह 3 जनवरी को खुलने चाहिए, और अन्य सरकारी अधिकारी उन उपायों से बचने के लिए काम कर रहे हैं जो देश की आर्थिक सुधार में बाधा उत्पन्न करेंगे।
इसके बजाय, फ्रांसीसी सरकार उम्मीद कर रही है कि चरणबद्ध टीकाकरण पर्याप्त होगा। सरकार एक मसौदा कानून पर जोर दे रही है, जिसमें मौजूदा स्वास्थ्य पास प्रणाली के बजाय सभी रेस्तरां और कई सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश करने के लिए टीकाकरण की आवश्यकता होगी, जो लोगों को टीकाकरण नहीं होने पर नक. ारात्मक परीक्षण या पुनर्प्राप्ति का प्रमाण प्रस्तुत करने की अनुमति देता है।
पड़ोसी देश बेल्जियम में, सरकार ने रविवार से नए उपाय लागू किए, जिसके तहत सिनेमा हॉल और कॉन्सर्ट हॉल जैसे सांस्कृतिक स्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया।
कुछ स्थानों ने प्रतिबंध की अवहेलना की, और हजारों कलाक. ारों, कार्यक्रम आयोजकों और अन्य लोगों ने निर्णय के खिलाफ ब्रसेल्स में रविवार को प्रदर्शन किया, जिसमें षद शो मस्ट गो ऑनष या ष्नो कल्चर नो फ्यूचरष पढ़ने वाले संकेत थे। वे बेल्जियम सरकार पर दोहरे मानकों का आरोप लगाते हैं क्योंकि इसने क्रिसमस के बाजारों को, उनकी उमस भरी भीड़ और शराब पीने के साथ, रेस्तरां और बार के साथ खुले रहने की अनुमति दी।
यहां तक कि बेल्जियम सरकार को सलाह देने वाली वैज्ञानिक समिति ने भी संस्कृति उद्योग को बंद करने के लिए नहीं कहा था,
वायरोलॉजिस्ट मार्क वान रैनस्ट को बेल्जियम में, ष्लूवेन बीट कल्चरष पर विचार करने के लिए छोड़ दिया।
इस बीच, नीदरलैंड में, डच सरकार अधिकांश यूरोपीय देशों की तुलना में बहुत आगे निकल गई है और सभी गैर–आवश्यक स्टोर, रेस्तरां और बार को बंद कर दिया है, और आंशिक रूप से नए लॉकडाउन में स्कूल की छुट्टियों को बढ़ा दिया है।
ब्रिटेन में, जहां ओमाइक्रोन संस्करण दिनों के लिए प्रभावी रहा है, सरक. ारी आवश्यकताएं महाद्वीप की तुलना में काफी हद तक स्वैच्छिक और मामूली रही हैं, लेकिन कंजर्वेटिव सरकार ने कहा कि वह क्रिसमस के बाद नए प्रतिबंध लगा सकती है। यूके ने शुक्रवार को 122,186 दैनिक संक्रमणों का एक नया उच्च स्तर मारा, लेकिन क्रिसमस के आंकड़ों की रिपोर्ट नहीं की।
स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड ने रविवार को सामाजि. ककरण पर नए प्रतिबंध लगाए, मुख्य रूप से सभाओं के आकार को सीमित करते हुए, चालें जो रेस्तरां, पब और नाइट क्लब उद्योगों ने आर्थिक रूप से विनाशकारी के रूप में वर्णित की हैं।

## अखिलेश यादव: पीयूष जैन का सपा से कोई संबंध नहीं

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कानपुर के इत्र व्यापारी पीयूष जैन के उनकी पार्टी से किसी तरह के संबंध से इनकार किया और मजाक में कहा कि भाजपा ने गलती से अपने ही व्यवसायी पर छापा मारा है। यहां समाजवादी रथ यात्रा शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत में सपा प्रमुख ने कहा कि व्यापारी के सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) से कई भाजपा नेताओं के नाम सामने आएंगे जो उनके संपर्क में थे।
अखिलेश ने कहा, श्गलती से भाजपा ने अपने ही कारोबारी पर छापा मारा है।श उन्होंने दावा किया कि समाजवादी इत्र (इत्र) सपा एमएलसी पुष्पराज जैन ने लांच किया था न कि पीयूष जैन ने। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, श्सत्तारूढ़ भाजपा ने डिजिटल भूल से अपने ही व्यवसायी (पीयूष जैन) के यहां छापा मारा।श गौरतलब है कि आयकर और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा गत दिनों की गई छापेमारी में कानपुर में इत्र व्यापारी के घर से लगभग 257 करोड़ रुपये नकद, 25 किलो सोना और 250 किलो चांदी बरामद की गई थी।

अदालत के आदेश पर पीयूष जैन को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि भारी मात्रा में नकदी की वसूली ने साबित कर दिया है कि नोटबंदी और जीएसटी विफल हो गए हैं। इससे पहले भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि इत्र कारोबारी पीयूष जैन से समाजवादी पार्टी के संबंध रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मंगलवार को हरदोई की सभा में कहा कि कुछ दिन पहले आयकर विभाग ने छापा मारा तो भाई अखिलेश के पेट के अंदर मरोड़ होने लगा। कहने लगे कि राजनीतिक द्वेष के कारण छापा मारा गया है और आज उन्हें जवाब सूझ नहीं रहा है कि समाजवादी इत्र बनाने वाले के यहां से छापे (कन्नौज और कानपुर में इत्र व्यापारी के यहां छापा) में ढाई सौ करोड़ रुपये मिला है।

## ओमीक्रॉन का नया लक्षण

**वैज्ञानिकों द्वारा विश्लेषण किए गए आंकड़ों के अनुसार, केवल 50: कोविड–संक्रमित लोगों ने बुखार, खांसी या गंध और स्वाद की हानि का अनुभव किया। लेकिन कई लोगों में भूख न लगना सबसे आश्चर्यजनक लक्षणों में से एक बताया गया।**

**इस बीच, भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (IN-SACOG) ने कहा है कि भारत में ओमाइक्रोन की संप्रेषणीयता, प्रतिरक्षा चोरी, या गंभीरता पर अभी तक कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है।**

## तालिबान ने विदेशी टीवी सीरीज, गाने और हिजाब के बिना महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर लगाया प्रतिबंध

अगस्त में अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से तालिबान ने खुद को उदार साबित करने की नाकाम साबित की है। अब तालिबान ने अफगान मीडिया को शरिया कानून का उल्लंघन करने वाली विदेशी टीवी सीरीज को प्रसारित करने से मना कर दिया है जिसमें साउंडट्रैक बजाना और महलाओं को हिजाब पहने बिना दिखाना शामिल है।

**अब अफगानिस्तान में नहीं बजेंगे गाने?**

तालिबान के सांस्कृतिक आयोग ने महिलाओं को फैशनेबल कपड़े दिखाने वाले विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट बताती है कि मीडिया को विदेशी टीवी सीरीज प्रसारित करने से बचना चाहिए जो अफगान संस्कृति और शरिया कानून के विपरीत हैं, और किसी भी गाने का इस्तेमाल सख्त वर्जित है। अफगान पत्रकारों और कार्यकर्ताओं ने तालिबान द्वारा जारी एक नए धार्मिक दिशानिर्देश पर चिंता जताई है। कहा है कि यह कदम महिलाओं पर नियंत्रण का एक और रूप है।

तालिबान ने कहा है कि मीडिया आउटलेट्स को ठोस सोर्स पर आधारित संतुलित समाचार देना चाहिए न कि अफवाह बताने चाहिए। अफगानिस्तान में प्रसारित होने वाले विदेशी मीडिया को स्थापित नियमों का पालन करना चाहिए या प्रतिबंध का सामना करना चाहिए। ऐसे में पत्रकारों को डर है कि इन प्रतिबंधों से कुछ मीडिया ऑफिस बंद हो जाएंगे।




## पीएम मोदी बने कानपुर में मेट्रो के पहले यात्री, आईआईटी से गीतानगर तक की यात्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ठीक 12:50 बजे आईआईटी स्टेशन पहुंच गए और मेट्रो से नॉन स्टॉप गीता नगर तक के लिए निकल गए। बीच में कल्याणपुर, एसपीएम, सीएसजेएम विश्वविद्यालय और गुरुदेव कहीं भी मेट्रो नहीं रुकी। सुरक्षा कारणों से एसपीजी के निर्देशों पर यूपीएमआरसी ने इसी के हिसाब से प्रबंध किया था।
आईआईटी स्टेशन पर प्रधानमंत्री ने बीपीसीएल की एक परियोजना का मॉडल देखा। फिर एस्कलेटर के जरिए प्रथम तल पर गए। वहां कॉनकोर एरिया में 11 पैनलों के जरिए लगाई गई प्रदर्शनी को देखा। इस प्रदर्शनी में मेट्रो का इतिहास दिया गया है। किस तरह परियोजना की शुरुआत हुई और कोविड काल में भी किस तरह संघर्ष करते हुए परियोजना ने दो साल से भी कम अवधि में आईआईटी से मोती झील तक 9 किला. मीटर के ट्रैक और स्टेशन का निर्माण पूरा कर लिया। यहां मेट्रो रेल का एक मॉडल भी रखा गया है। जिसमें यह दिखाया गया है कि किस तरह यह ट्रेन कैसे–कैसे आगे बढ़ेगी।

### और किन राज्यों में फैली है मेट्रो

**1. कोलकाता मेट्रो**
देश में पहली मेट्रो का परिचालन पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से 1984 में शुरू हुआ था। यह इकलौता मेट्रो रेल नेटवर्क है जिसे भारतीय रेलवे द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा अन्य सभी स्वायत्त स्थानीय अधिकारियों द्वारा संचालित हैं। फिलहाल यह 27 किमी की दूरी तय करती है और भविष्य में कोलकाता मेढो को पूर्व–पश्चिम कारिडोर के तहत हावड़ा रेलवे स्टेशन और बिदाननगर तक बढ़ाने की योजना है।

**2. दिल्ली मेट्रो**
दिल्ली मेट्रो विश्व के सबसे विशाल मेट्रो नेटवर्क लंदन, शंघाई, न्यूयार्क और बीजिंग की सूची में शामिल है। इसका नेटवर्क 253 स्टेशनों के बीच 389 किमी तक फैला हुआ है। दिल्ली मेट्रो यूपी के नोएडा और गाजियाबाद, हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद तक दौड़ रही है। दिल्ली मेट्रो में हर लाखों लोग यात्रा करते हैं। हर रोज 50 लाख से ज्यादा लोग इससे सफर करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली मेट्रो के बंद होने से सरकार काफी आर्थिक नुकसान हुआ था।

**3. मुंबई मेट्रो**
मुंबई मेट्र की शुरुआत आठ 2014 को हुई थी। जून 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मन. मोहन सिंह ने मुंबई मेट्रो का शिलान्यास रखा था और फरवरी 2008 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ।

**4. बेंगलुरु मेट्रो**
कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित मेट्रो का नेटवर्क 42.30 किमी तक फैला हुआ है। बेंगलुरु में साल 2011 से लोग मेट्रो रेल का उपयोग कर रहे हैं। इसकी शुरुआत एमजी रोड से बैयप्पनहल्ली स्टेशन के बीच हुई थी।

**5. चेन्नई मेट्रो**
चेन्नई मेट्रो रेल नेटवर्क 42 किमी में फैला है, जिसकी शुरुआत साल 2015 में हुई थी। पहली मेट्रो कोयाम्बेडू से अलांदुर के बीच चली थी।

**6. कोच्चि मेट्रो**
कोच्चि मेट्रो 13 किलोमीटर लंबे आलुवा से पालारिवट्टम मार्ग पर 11 स्टेशनों को जोड़ती है। कोच्चि मेट्रो जून 2017 में शुरू की गई थी।

**7. लखनऊ मेट्रो**
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित मेट्रो 22. 87 किमी तक अपनी सेवा देती है, जिसका निर्माण कार्य साल 2014 में तत्क. ालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में हुआ था।

**8. जयपुर मेट्रो**
जयपुर मेट्रो का नेटवर्क 11 किलोमीटर से ज्यादा में फैला हुआ है। साल 2015 में इसकी शुरुआत की गई थी।

**9. हैदराबाद मेट्रो**
69 किमी पर फैली हैदराबाद मेट्रो की शुरुआत 2017 में हुई थी। पहले चरण में 30 किमी लंबे मार्ग पर 24 स्टेशन बनाए गए थे। यह देश का दूसरा सबसे लंबा परिचालन मेट्रो नेटवर्क है।

**10. नागपुर मेट्रो**
सात मार्च 2019 में नागपुर मेट्रो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह मेट्रो, नागपुर शहर की सेवा करने वाली एक आधुनिक जनसंचार प्रणाली है, जिसकी शुरुआत 13.5 किमी से हुई थी और इसके नेटवर्क में 11 स्टेशन हैं।

**11. नोएडा–ग्रेटर नोएडा मेट्रो**
26 जनवरी 2019 को ग्रेटर नोएडा मेट्रो की शुरुआत की गई थी। इसे एक्वा लाइन के नाम से जाना जाता है। यह नोएडा सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा के डिपो स्टेशन के बीच 29.7 किमी लंबे ट्रैक पर दौड़ती है। इस पर कुल 21 स्टेशन हैं।

**12. गुरुग्राम मेट्रो**
रैपिड मेट्रो प्रणाली गुरुग्राम से संचालित होती है, जो सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली की येली लाइन के साथ इंटरचेंज होती है। इसकी कुल लंबाई 11.7 किलोमीटर है और इसमें कुल 11 स्टेशन हैं।




## एसबीसी गाला साई बिजनेस क्लब की एक नई पहल

SAI BUSINESS CLUB

- B2B के साथ ही B2C कॉमर्स को भी बढ़ावा
- व्यवसाय को सुचारु रूप से चलाए रखने के अवसर

*आर अल्विन देवदास,* **31 दिसंबर, महाराष्ट्र ब्यूरो।** साई बिजनेस क्लब द्वारा मुंबई में आयोजित किया जा रहा है भारत का सबसे बड़ा बिजनेस एवं इंडस्ट्रियल एक्सपो। स्वरोजगार एवं व्यापार में ग्रोथ का सुनेहरा मौका, यह इवेंट अपने आप में ही अनोखा है क्योंकि यह B2B के साथ ही B2C कॉमर्स को भी बढ़ावा दिया जाएगा। एक्सपो 20 अप्रैल 2022 को होटल सहारा स्टार में आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो का विषय और हेतु भारत में कोविड के पश्चात होने वाली व्यासाहिक तकलीफे, महिला उद्योजको को प्रोत. साहन, B2B एवं B2C को बढ़ावा और कई ऐसे सामाजिक और व्यासाहिक फायदे देना है। इवेंट आयोजित करने से साई बिजनेस क्लब के अग्रणी लक्ष्य है की युवाओं और महिलाओं को हाल के कोविड–19 जैसे चुनौतीपूर्ण हालातों में भी अपने व्यवसाय को सुचारु रूप से चलाए रखने के अवसर प्रदान करना व् उनको पूर्ण रूप से इस्तेमाल करना सिखाया जा सके।
एक्सपो न की केवल उपयुक्त फायदे देगा पर लोगो को सम्मानित भी किया जाएगा। सम्मान समारोह में देश के जाने माने टीवी एक्टर्स, डायरेक्टर्स और विशेष अतिथि के रूप में बीजेपी के महामंत्री श्री जयेश जोशी (बिजनेस सेल) को भी निमंत्रित किया गया हे। आयोजक डॉक्टर कृति वजीर जी ने विशेस रूप से बताया है की यह एक्सपो आने वाले समय का बड़ा और जाना माना व्यासाहिक एक्सपो होगा क्योंकि इसमें सामाजिक, व्यासाहिक और मान. सिक प्रवृत्ति का मेल किया गया है।

## वक्त के साथ बदल रहा है यूएई, गैर मुस्लिम कपल के लिए पहला सिविल मैरिज लाइसेंस जारी

**दुबई।** वक्त के साथ संयुक्त अरब अमीरात बदल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात ने पहली बार एक गैर मुस्लिम कपल के लिए सिविल मैरिज लाइसेंस जारी किया है। यूएई ने किसी गैर मुस्लिम कपल को सिविल मैरिज लाइसेंस ऐसे वक्त में जारी किया है, क्योंकि वह अपने क्षेत्रीय प्रतियोगियों से आगे बने रहना चाहता है। यूएई की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि देश में कनाडा के एक कपल ने अबू धाबी में नए कानून के तहत गैर मुस्लिम के रूप में शादी की।
इन्हें सरकार द्वारा नॉन मुस्लिम सिविल मैरिज लाइसेंस जारी किया गया है. यूएई की आधिकारिक एजेंसी ने कहा कि इस कदम के जरिए अबू धाबी दुनियाभर के लोगों के लिए शादी की पसंदीदा जगह बनेगी. एजेंसी ने कहा, 'इस्लाम, ईसाई और यहूदी धर्म के जन्मस्थली पश्चिम एशिया में सिविल मैरिज एक असामान्य बात है और आमतौर पर इसे एक धार्मिक प्राधिकरण के तहत किया जाता है।'

### यूएई में बदल रहे हैं कानून

यूएई ने दिसंबर महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि सभी सरकारी संस्थाएं पश्चिमी शैली की वर्किंग स्टाइल अपनाएंगी। इस घोषणा के बाद यूएई में अब शुक्रवार दोपहर तक ऑफिस चलेगा जबकि शनिवार और रविवार को छुट्टी रहेगी। यूएई के साथ ही सऊदी अरब भी कई सेक्टर में अपने पांव फैलाने की कोशिश में जुटा हुआ है। सऊदी अरब अपनी राजधानी रियाद को एक इंटरनेशनल सेंटर में बदलने की कोशिश में जुटा हुआ है। सऊदी अरब ने महिलाओं के ड्राइविंग पर लगे प्रतिबंध को



हटा लिया है और मुस्लिम ड्रेस कोड में ढील दी है।



# कैट–विक्की की हसीन क्रिसमस सेलिब्रेशन पोस्ट

न्यूली मैरिड बॉलीवुड कपल कटरीना और विक्की की यह खूबसूरत कपल पिछ फैंस का दिल जीत रही है। क्रिसमस ट्री के आगे खड़ा फैंस का चहेता न्यूली–वेड कपल एक दूसरे को बाहों में लिए इस पिक में नजर आरहा है। यह फोटो कटरीना ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर शेयर की और विक्की के लिए अपने प्यार को जाहिर किया। हाल ही में दोनों सात फेरों के बंधन में बंधे हैं।

# रोहमन शॉल के साथ ब्रेकअप पर सुष्मिता सेन ने तोड़ी चुप्पी



फोटो: सुष्मिता सेन/इंस्टाग्राम

रोहमन शॉल और सुष्मिता सेन की दोस्ती साल 2018 में हुई थी उसके बाद से ही दोनों साथ दिखाई देते थे। कुछ वक्त बात रोहमन सुश्मिता की फेमिली के साथ इतना क्लोज हो गए थे कि वे उनकी फैमिली के साथ में ही रहने लगे थे। वे सब पार्टी से लेकर इवेंट तक में साथ ही नजर आते थे।

सुष्मिता सेन ने हिन्दुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि पब्लिक फिगर होने की वजह से उनके साथ जुड़ा शख्स भी लोगों की नजरों में आता है। यह न उसके लिए सही है, न आपके लिए। यह सोचकर कि आप रिलेशनशिप में हैं, किसी की फीलिंग्स से जुड़े रहना लाइफ के लिए सही नहीं है। वे कहती हैं कि दोनों के लिए जिंदगी में मूव ऑन करना जरूरी है। दोस्ती बनी रहती है। अगर मुझे इस उम्र में बुरी चीजों के बारे में सोचना पड़ जाए तो वाकई में मैंने अपनी जिंदगी बर्बाद की है।

# किआरा–सिद्धार्थ का न्यू–ईयर वेकेशन



बी टाउन में एक्टर्स के आपस में डेटिंग करने की अफवाहों का सिलसिला हमेशा चलता ही रहता है। इसी तरह किआरा अडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की डेटिंग की खबरों से भी हर कोई वाकिफ है। आये दिन इन्हे एक साथ कहीं न कहीं साथ वक्त बिताते देखा जाता रहा हैं। हाल ही में दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर साथ देखे गए। सूत्रों के मुताबिक ये दोनों लव बर्ड्स साथ में छुट्टियां मनाने गए है। अभी तक तो इनकी डेटिंग की खबरों को लेकर दोनों ही कलाकार चुप है पर इस तस्वीर से साफ जाहिर होता है की 2022 की शरुआत के साथ ही वे अपने रिश्ते को सभी के साथ साँझा करने की सोच रहे है।




# सलमान की ऑटो सवारी

**सलमान को उनके अनोखे अंदाज और बड़े दिल के लिए न केवल बॉलीवुड बल्कि पूरी दुनिया में जाना जाता है।**

**सलमान खान को पनवेल में ऑटो रिक्शा चलाते हुए देखा गया, जिससे उनके प्रशंसक और दर्शक हैरान रह गए। वीडियो अब वेब पर वायरल हो रहा है। अभिनेता ने 27 दिसंबर को अपने पनवेल फार्महाउस पर अपना 56वां जन्मदिन मनाया।**

# 83 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन: पांचवे दिन पार किया 60 करोड़ का आंकड़ा



रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म 83 का दर्शकों को ब्रेसब्री से इंतजार था। वहीं अब फिल्म सिनेमाघरों के साथ–साथ लोगों के दिलों पर भी छा गई है। फिल्म 1983 के क्रिकेट विश्व कप में भारत की जीत को लेकर बनाई गई है। इसलिए क्रिकेट लवर्स का इस फिल्म को लेकर खास क्रेज देखने को मिल रहा है।

पेंडेमिक टाइम के बावजूद फैंस इस फिल्म को देखना पसंद कर रहे हैं। ये फिल्म तो क्रिसमस से एक दिन पहले 24 दिसंबर को रिलीज हो गई थी। वहीं अब फैंस कि निगाहें इस फिल्म के कलेक्शन पर टिकी हैं।

### इतना रहा कलेक्शन

शुक्रवार – 12.64 करोड़ रुपये

शनिवार – 16.95 करोड़ रुपये


रविवार – 17.41 करोड़ रुपये

सोमवार – 7.29 करोड़ रुपये

वहीं मंगलवार को इस फिल्म की कमाई 6.50 करोड़ रुपये रही है यानी कि फिल्म का टोटल कलेक्शन 60. 79 करोड़ रुपये रहा है।

फिल्म को भी क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों ने बड़े अच्छे रिस्पॉन्स दिए हैं। लेकनि जिस 83 से बॉक्स ऑफिस पर चौके–छक्के लगाने की उम्मीद की जा रही थी, वैसा हुआ नहीं।

# दिशा की बिकिनी लुक के फैंस हुए दीवाने



हाल ही में दिशा पाटनी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी एक बेहद खूबसूरत और बोल्ड बिकिनी फोटो पोस्ट की जिसे देख कर उनके सभी फैंस हैरान हो गए। बता दें की दिशा पाटनी इन दिनों अपनी छुट्टियां बिता रही है। दिशा अपने स्टाइल से हमेशा ही अपने फैंस को दीवाना कर देती है उनकी इस फोटो को इंस्टाग्राम पर 1 मिलियन से ज़्यादा लाइक्स मिल चुके है।

इससे साफ पता चलता है की जहाँ एक तरफ दिशा अपने फैंस को अपने लुक्स से दीवाना बना देती है वही उनके फैंस भी दिशा को अपना प्यार दिखने में कभी पीछे नहीं रहते।

# पोहा क्रोक्वीत्ते रेसिपी



## सामग्री

- पोहा– 1 कप
- आलू उबला– 1 बड़ा
- मिक्स हर्ब सीजनिंग– 1 बड़ा चम्मच
- नमक स्वादानुसार
- काली मिर्च पाउडर– 2 छोटे चम्मच
- मोज्जेरेल्ला चीज– 1– 1⁄2 ब्लॉक
- मैदा – एक चउथै कप
- ब्रेड क्रुम्ब्स
- तेल – तलने के लिए

## बनाने की विधि


1 पोहे को धो कर गुनगुने पानी में भिगो दीजिये और 10 मिनट बाद इसमें से एक्स्ट्रा पानी को निचोड़ कर अलग कर दीजिये।

2 एक बाउल में पोहा, उबला आलू, मिक्स हर्ब सीजनिंग, काली मिर्च पाउडर डाल कर अच्छे से मिक्स कर लीजिये।

3 मोज्जरेल्ला चीज को छोटे कुबेस में काट कर रख दीजिये। साथ ही मैदे में पानी मिक्स करके एक पेस्ट बना लीजिये।

4 अब जो हमने पोहे और आलू का मिक्सचर तैयार किया था उससे छोटे गोले बनाइये और उसके बीच में थोड़ा गाढ़ा बना कर उसमे चीज क्यूब रख दीजिये फिर अपने दोनों हाथो के बिच घुमा के बॉल बना लीजिये।

5 अब एक पैन में तेल को अच्छे से गर्म कर लीजिये और तैयार की गयी बॉल्स को मैदे के पेस्ट में डूबा कर ब्रेड क्रुम्ब्स से अच्छे से कोट करने के बाद तेल में तबतक अच्छे से फ्राई कीजिये जबतक वो हर तरफ से गोल्डन न हो जाई फिर तैयार क्रोक्वेटस को एक प्लेट में टिश्यू पेपर पर निकाल कर टोमेटो सॉस के साथ सर्व कीजिये।



## 1. एक सॉफ्ट क्लींजर पर स्विच करें

आपकी स्किनकेयर रूटीन में सफाई शायद पहला (और सबसे महत्वपूर्ण) कदम है। इसलिए जब आप मेकअप, गंदगी और तेल से छुटकारा पाने के लिए स्क्रब कर रहे हों, तो एक ऐसे फॉर्मूले का इस्तेमाल करें, जो आपकी त्वचा को धीरे से ट्रीट करता हो और जो बहुत जरूरी नमी को दूर न करे। सर्दियों के महीनों में क्लींजिंग बाम और क्रीम जैसे फॉर्मूला आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

## 2. एक बेहतर मॉइस्चराइजर आजमाएं

हम गर्मियों के दौरान हल्के जेल मॉइस्चराइजर का ताजा अनुभव पसंद करते हैं, लेकिन सर्दियों में हाइड्रेशन में ठीक से लॉक करने के लिए थोड़े समृद्ध फार्मुलों की आवश्यकता होती है। एक समृद्ध क्रीम या लोशन के रूप में एक तीव्र हाइड्रेटिंग मॉइस्चराइजर की तलाश करें (विशेषकर यदि आपकी सूखी त्वचा है) हाइलूरोनिक एसिड जैसे ज्ञात हाइड्रेटिंग नायकों से बना है। वैसलीन जैसी स्किन बैरियर–रिपेयर क्रीम में इमोलिएंट्स होते हैं और इन्हें बाद में लगाया जा सकता है।

## 3. एक्सफोलीएटिंग महत्वपूर्ण है

जब आपकी त्वचा शुष्क, ठंडी हवा के संपर्क में आने से संवेदनशील महसूस करती है, तो एक्सफोलीएटर्स को छोड़ना आकर्षक हो सकता है। लेकिन एक्सफोलीएटिंग सुनिश्चित करता है कि आप किसी भी मृत त्वचा कोशिकाओं को हटा रहे हैं जो परतदार हो सकती हैं और शुष्क त्वचा का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा, वे आपके मॉइस्चराइजर और स्किनकेयर को वास्तव में सोखने में मदद करते हैं। मुख्य बात यह है कि गर्मियों में आप की तुलना में अधिक कोमल सूत्र का उपयोग करें, और कम बार एक्सफोलिएट करें।